

एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

रांची, सोमवार 10 जून 2024 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 04 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 2, अंक : 62 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# मोदी 3.0

## मोदी की तीसरी कसम में 30 अहम किरदार...

## मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी... बोलते ही बन गया इतिहास

लगातार न्यूज नेटवर्क। दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के रविवार शाम के मैं नरेंद्र दामोदर दास मोदी ... शब्द बोलते ही नया इतिहास बन गया. मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बराबरी कर ली. वर्ष 1962 के बाद यह दूसरा मौका है जब किसी नेता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है.

राष्ट्रपति द्रौपदी ने मोदी और उनके मंत्रिमंडल के 72 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में शाम 7 बजकर 15 मिनट पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू हुआ, जो रात 10 बजे तक चला. इस बार की कैबिन में एनडीए के साथियों को तवज्जो दी गई है. ललन सिंह, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी को बिहार के कोटे से कैबिनेट में जगह दी गई है. वहीं, शिवसेना शिंदे गुट से मंत्री बनाया गया है. सरकार के नंबर वन मोदी (वाराणसी) व नंबर दो राजनाथ सिंह (लखनई) हैं. दोनों यूपी का ही प्रतिनिधित्व करते हैं. नतीजे 4 जून को आए थे, नतीजों के 5 दिन बाद मोदी ने की शपथ ली. 2019 में उन्होंने 30 मई को शपथ ली थी, तब नतीजे 23 मई को आए थे. वहीं, 2014 में मोदी ने 26 मई को शपथ ली थी. तब नतीजों के 10 दिन बाद शपथ ग्रहण कार्यक्रम रखा गया था.



26 मई 2014



30 मई 2019



09 जून 2024


### नयी मोदी सरकार के कैबिनेट की पहली बैठक आज

राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ ग्रहण करने वाली नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्रिमंडल की पहली बैठक सोमवार शाम को प्रधानमंत्री के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर होने की संभावना है. सूत्रों ने यह जानकारी दी. नवनियुक्त मंत्रियों की बैठक शाम पांच बजे मोदी के आवास पर होगी. सूत्रों ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की मंत्रिपरिषद में शामिल मंत्रियों के लिए रात्रिभोज का भी आयोजन किया. इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार रात मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के बाद सात पड़ोसी देशों के राष्ट्राध्यक्षों को रात्रिभोज दिया. इस भोज में मालदीव, बांग्लादेश, नेपाल, बांग्लादेश, मॉरीशस, भूटान और श्रीलंका के राष्ट्राध्यक्षों ने शिरकत की. ये विदेशी मेहमान मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने पहुंचे थे.

### समारोह में शामिल हुए शाहरुख, अंबानी-अडानी

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अनिल कपूर और रजनीकांत तथा उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी उन लोगों में शामिल थे, जो रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए. अभिनेता अक्षय कुमार, रवीना टंडन, अनुपम खेर और विक्रांत मैसी भी उपस्थित थे. शीर्ष उद्योगपतियों में, मुकेश अंबानी अपने बेटों- अनंत और आकाश तथा दामाद आनंद पीरामल के साथ मौजूद थे. गौतम अडानी के साथ उनकी पत्नी प्रीति और भाई राजेश अडानी भी मौजूद थे. प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ भी अपनी पत्नी के साथ मौजूद थे. इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रतिभा पाटिल भी शामिल हुए. समारोह में रामभद्राचार्य समेत कई धार्मिक नेता भी मौजूद थे.





**मौजूद रहे विदेशी मेहमान :** पीएम मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जु, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए. विदेशी मेहमान काफी खुश भी नजर आए.

## ये हैं मोदी और 30 कैबिनेट मंत्री



1. **नरेंद्र मोदी**– (73), लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की. यूपी के वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बने हैं.
2. **राजनाथ सिंह**– (72), गृह और रक्षा मंत्री रह चुके हैं. यूपी के सीएम और बीजेपी के अध्यक्ष पद पर भी रहे हैं.
3. **अमित शाह**– (59), गृह मंत्री और बीजेपी अध्यक्ष रह चुके हैं. लगातार गांधीनगर से दूसरी बार सांसद बने. चार बार गुजरात के विधायक रहे हैं.
4. **नितिन गडकरी**– (67), 2014 से मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं. बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. लगातार तीसरी बार नागपुर से सांसद बने हैं.
5. **जेपी नड्डा**– (63), बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. 2014 में मोदी सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे. हिमाचल सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रहे हैं.
6. **शिवराज सिंह चौहान**– (65), पहली बार कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की. एमपी के पूर्व सीएम हैं और एमपी की विदिशा से लोकसभा चुनाव जीते हैं.
7. **निर्मला सीतारमन**– (64), पिछली सरकार में वित्त मंत्री रहीं. राज्यसभा से सांसद हैं.
8. **एस जयशंकर**– (69), विदेश सचिव के पद से रिटायर होने के बाद देश के विदेश मंत्री बने. 2 बार राज्यसभा से सांसद चुने गए हैं.
9. **मनोहरलाल खट्टर**– (70), पहली बार कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की. 9 साल तक हरियाणा के सीएम रहे. आरएसएस के पूर्व प्रचारक हैं और हरियाणा की करनाल से पहली बार सांसद चुने गए हैं.
10. **एचडी कुमारस्वामी**– (65), कर्नाटक के पूर्व सीएम हैं. पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के बेटे हैं और वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं. तीसरी बार लोकसभा सांसद बने हैं. एनडीए के सहयोगी जनता दल सेक्युलर के नेता हैं.
11. **पीयूष गोयल**– (60), पहली बार लोकसभा से सांसद चुने गए हैं. इससे पहले राज्यसभा के सदस्य के तौर पर सांसद बन पिछली सरकारों में मंत्री रहे. महाराष्ट्र की मुंबई नॉर्थ सीट से सांसद चुने गए हैं.
12. **धर्मेंद्र प्रधान**– (54), पिछली सरकार में शिक्षा मंत्री रहे हैं. ओडिशा के संबलपुर से लोकसभा चुनाव जीते हैं.
13. **जीतनराम मांझी**– (78), एनडीए गठबंधन के सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के नेता हैं. बिहार के पूर्व सीएम रहे हैं. दलित समुदाय से आते हैं और पहली बार सांसद बने हैं.
14. **ललन सिंह**– (69), एनडीए के सहयोगी दल जदयू के नेता हैं. जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और भुमिहार समाज से आते हैं. मुंगेर से सांसद चुने गए हैं.
15. **सर्बानंद सोनोवाल**– (62), असम के पूर्व सीएम हैं और आदिवासी समुदाय से आते हैं. पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं. असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा चुनाव जीते हैं.
16. **वीरेंद्र खटीक**– (70), पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं. आठवीं बार सांसद चुने गए हैं. एमपी के टीकमगढ़ सीट से चुनकर इसबार संसद पहुंचे हैं. एमपी में बड़े दलित नेता माने जाते हैं.
17. **के राममोहन नायडू**– (36), आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम से सांसद हैं, पूर्व मंत्री येरेन नायडू के बेटे हैं. इसबार सबसे युवा कैबिनेट मंत्री हैं.
18. **प्रहलाद जोशी**– (61), कर्नाटक के धारवाड़ से पांचवीं बार लोकसभा चुनाव जीते हैं. कर्नाटक बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष हैं और पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं.
19. **जुएल ओराम**, (63), ओडिशा के सुंदरगढ़ से सांसद चुने गए हैं. अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रह चुके हैं. छठी बार सांसद चुने गए हैं. बड़े आदिवासी चेहरे के तौर पर पहचाने जाते हैं.
20. **गिरिराज सिंह**– (71), पिछली सरकार में मंत्री रह चुके हैं. लगातार तीसरी बार बिहार के बेगूसराय से सांसद चुने गए हैं. बिहार सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं.
21. **अश्विनी वैष्णव**– (54), पिछली सरकार में मंत्री रह चुके हैं. आईएएस से इस्तीफा देकर राजनीति में एंट्री ली और फिलहाल ओडिशा से राज्यसभा सांसद हैं.
22. **ज्योतिरादित्य सिंधिया**– (53), 2020 में कांग्रेस से बीजेपी में आए और कैबिनेट मंत्री बनाए गए. 5वीं बार लोकसभा चुनाव जीते हैं. मध्य प्रदेश की गुना सीट से सांसद हैं.
23. **भूपेंद्र यादव**– (55), राजस्थान के अलवर से पहली बार लोकसभा सांसद का चुनाव जीते हैं. पिछली सरकार में पर्यावरण मंत्री थे. बीजेपी के रणनीतिकार के तौर पर पहचाने जाते हैं.
24. **गजेंद्र सिंह शेखावत**– (57), दूसरी बार राजस्थान के जोधपुर से लोकसभा चुनाव जीते हैं. पिछली सरकार में जलशक्ति मंत्री रहे.
25. **अन्नपूर्णा देवी**– (54), झारखंड के कोडरमा से सांसद हैं और ओबीसी समुदाय से आती हैं. पिछली सरकार में शिक्षा राज्यमंत्री थीं और दूसरी बार लोकसभा का चुनाव जीती हैं.
26. **किरेन रिजीजू** – (52), अरुणाचल वेस्ट सीट से लोकसभा चुनाव जीते हैं. पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं और नॉर्थ ईस्ट में बीजेपी के बड़े चेहरों में शामिल हैं.
27. **हरदीप पुरी**– (72) , यूपी से राज्यसभा सांसद हैं और पिछली सरकार में मंत्री रहे हैं. आईएफएस से रिटायरमेंट के बाद राजनीति में आए.
28. **मनसुख मांडविया**– (51), गुजरात के पोरबंदर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीते हैं. पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री थे.
29. **जी किशन रेड्डी**– (64), तेलंगाना की सिकंदराबाद सीट से लगातार दूसरी बार लोकसभा चुनाव जीते हैं. पिछली सरकार में पर्यटन–संस्कृति मंत्री रहे.
30. **चिराग पासवान**– (41), बिहार के हाजीपुर से सांसद हैं. एनडीए के सहयोगी दल लोजपा (आर) के नेता हैं. पहली बार केंद्रीय मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की.
31. **सीआर पाटिल**– (59), गुजरात बीजेपी के अध्यक्ष हैं और नवसारी सीट से सांसद चुने गए हैं. लगातार चौथी बार चुनाव जीते हैं. 2019 में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया

## कोडरमा से हीं विधायक, सांसद और मंत्री बनीं अन्नपूर्णा देवी

**रांची।** पति रमेश प्रसाद यादव के असामयिक निधन के बाद राजनीति में आईं अन्नपूर्णा देवी ने गृहिणी से विधायक, मंत्री, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक का सफर तय किया है. कोडरमा विधानसभा और लोकसभा दोनों का प्रतिनिधित्व कर चुकीं हैं. बिहार सरकार में मंत्री रहीं. झारखंड सरकार में मंत्री रहीं और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में भी मंत्री बनीं. वह फिर दूसरी बार कोडरमा से एनडीए सरकार में मंत्री बनी हैं.

- पति के असामयिक निधन के बाद राजनीति में आईं
- गृहिणी से विधायक, मंत्री, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक का सफर

कोडरमा की वर्तमान सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा लोकसभा सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह को 3,77,014 वोटों से हराया. पति रमेश प्रसाद यादव कोडरमा के विधायक थे. वह अपने समय में राष्ट्रीय जनता दल के कद्दावर नेता हुआ करते थे. उनके असामयिक निधन के बाद अन्नपूर्णा देवी ने राजनीति में कदम रखा. अपने पति की जगह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीतीं. वह बिहार सरकार में मंत्री बनीं. झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद इस नए प्रदेश में भी उन्हें मंत्री बनने का मौका मिला.

**2019 में राजद प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर भाजपा में आईं :** वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने राष्ट्रीय



जनता दल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया. भाजपा ने उन्हें कोडरमा लोकसभा से टिकट दिया और अन्नपूर्णा देवी ने चार लाख से अधिक मतों के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बाबूलाल मरांडी को पराजित कर दिया. इसके बाद नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में उन्हें राज्यमंत्री बनाया गया.

**55 साल की अन्नपूर्णा देवी पर लंबित है एक मुकदमा, एक में दोषी :** रांची विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाली अन्नपूर्णा देवी ने अपनी उम्र 55 वर्ष बताया है. वह सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, एक्स (पहले ट्विटर), इंस्टाग्राम पर सक्रिय हैं. रमेश प्रसाद यादव एंड संस की मालकिन हैं. अन्नपूर्णा देवी के खिलाफ धनबाद में एक मुकदमा लंबित है. एक केस में उन्हें दोषी ठहराया जा चुका है. मोदी 3.0 कैबिनेट में झारखंड से जगह बनाने वाली अन्नपूर्णा देवी दूसरी बार सांसद बनी हैं.

## संघर्षों से भरा रहा है संजय सेठ का सफर, दूसरी बार जीते, केंद्र में मंत्री बने

**रांची ।** भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपने सफर की शुरुआत करनेवाले संजय सेठ ने रांची सीट से लगातार दूसरी बार जीत हासिल कर केंद्र में मंत्री बने हैं. उनका सफर संघर्षों से भरा रहा है. पहली बार 2019 के चुनाव में रांची सीट से जीत हासिल की थी. उस समय उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार सुबोधकांत सहाय को 2.82 लाख मतों से हराया था. इस बार सुबोधकांत की बेटी यशस्विनी सहाय को 1,20,512 मतों के अंतर से पराजित किया और मोदी सरकार में राज्यमंत्री बने हैं.

- छात्र आंदोलनों में भी हिस्सा लिया, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में की थी राजनीतिक सफर की शुरुआत की थी

**कई आंदोलनों में रहे शामिल, जेल भी गये :** वे कई आंदोलनों में शामिल हुए. गिरफ्तार भी हुए. 1992 में आडवाणी की गिरफ्तारी के दिन उन्हें भी गिरफ्तार किया गया था. इस दौरान वे 25 दिनों तक जेल में बंद रहे थे. आपातकाल एवं विद्यार्थी जीवन में छात्र आंदोलनों में कई बार गिरफ्तारी दी. विदेशी गेहूं आयात के समय जेल भरो आंदोलन में शामिल हुए. 2013 में पार्टी कार्यक्रम के तहत सात दिन जेल में रहे. रांची, हजारीबाग, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू व दुमका लोकसभा एवं विधानसभा प्रभारी के रूप में काम किया.

**कई सामाजिक, धार्मिक व व्यावसायिक संगठनों से भी जुड़े रहे :** संजय सेठ युवा शक्ति एक हो के केंद्रीय अध्यक्ष रहे. 1996 में में छोटानागपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के सचिव,वर्ष 1997-98 में छोटानागपुर



चैंबर ऑफ कॉमर्स रांची के सचिव,वर्ष 1998 से 2004 तक अभिभावक मंच, झारखंड प्रदेश के सचिव,वर्ष 1999 में छोटानागपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रांची के वरीय उपाध्यक्ष,वर्ष 2000 में फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष, वर्ष 2001 से 2005 तक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पटना लोकल बोर्ड के सदस्य, वर्ष 2003 में लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल के अध्यक्ष,वर्ष 2005 में झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के एसोसिएटेड वाइस प्रेसिडेंट, वर्ष 2016 से 2019 तक झारखंड राज्य खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रहे. संजय सेठ जगन्नाथपुर मेला सुरक्षा समिति के मुख्य संरक्षक, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन व इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के आजीवन सदस्य हैं. श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति (दही हांडी प्रतियोगिता), झारखंड पेड़ परिवार, मकर संक्राति नमो पतंग महोत्सव और मानव विकास सेवा समिति के अध्यक्ष भी हैं.

## तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमला

# 10 लोगों की मौत

एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार शाम आतंकवादियों ने उत्तर प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस पर गोलीबारी की, जिससे बस खाई में जा गिरी. इस घटना में 10 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हुए हैं. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी.

बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी और इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास शाम करीब छह बजकर 15 मिनट पर हमला हुआ और बस गोलीबारी के बाद खाई में गिर गई. रियासी की एसएसपी मोहिता शर्मा ने बताया, प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार,



आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोड़ी से कटरा के लिए रवाना हुई बस पर गोलीबारी की. चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई. शर्मा ने बताया कि बचाव अभियान पूरा हो गया है और अब तक 10 लोगों की मौत हो गई है तथा 33 अन्य घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि घायलों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. अधिकारी ने कहा, मृतकों की पहचान नहीं हुई है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चलता है कि वे सभी उत्तर प्रदेश के हैं. स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों की मदद की. प्रत्यक्षदर्शियों ने हमले के बारे में भयावह विवरण साझा किए. एक जीवित बचे व्यक्ति ने बताया कि कैसे बस पर 25 से 30 गोलियां चलाई गईं, उसके बाद बस खाई में गिर गई. एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि उसने लाल रंग का मफलर पहने एक नकाबपोश हमलावर को बस पर गोलीबारी करते देखा था. तेरयाथ के अस्पताल में भर्ती बनारस के एक घायल तीर्थयात्री ने बताया, हमें शाम चार बजे निकलना था, लेकिन बस शाम साढ़े पांच बजे निकली और अचानक बस पर गोलीबारी की गई.

▼ ब्रीफ खबर

## रेलमंडल का प्रयास सराहनीय : अरुण

**रांची ।** ट्रेन संख्या 20888 बनारस-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर के दौरान सी 7 कोच के यात्री गौतम शर्मा को बुखार होने पर रांची रेल डिवीजन के रेलकर्मियों द्वारा उपचार की व्यवस्था किये जाने पर प्रसन्नता जताते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने रांची रेलमंडल के सभी कर्मियों के प्रयास की सराहना की. उन्होंने कहा कि आकस्मिक स्थिति में दवाई उपलब्ध कराने में तत्परता से उनके चिंतित परिजन की चिंता भी दूर हुई. उन्होंने यह भी उम्मीद जताई की इसी तरह मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में भी जरूरतमंद यात्री को आकस्मिक स्थिति में दवा व उपचार की व्यवस्था उपलब्ध होने से बहुत ही सुखद स्थिति होगी.

### मेन रोड गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकने उमड़े श्रद्धालु, प्रभु नाम सिमरन कर संगत ने छका गुरु का लंगर

# श्रीगुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरु पर्व पर सजा दीवान

संवाददाता । रांची

गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा, मेन रोड में रविवार को शहीदों के सरताज श्रीगुरु अर्जन देव के शहीदी गुरुपर्व पर विशेष दीवान सजाया गया. दिन के दस बजे दीवान की शुरुआत हुई. पहले हजूरी रागी भाई भरपूर सिंह ने साथी संग दया करो नानक गुण गावे- मीठा लागे तेरा भाणा... शबद कीर्तन कर गुरु की महिमा गायी. इनके बाद रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब वाले ने सतनाम श्रीवाहेगुरु का जाप कराते हुए गुरु भक्ति की अविरल धारा बहायी. गुरुद्वारा परिसर प्रभ जीउ तू मेरो साहिब दाता ... और ऐसे गुरु को बल-बल जाइए, आप मुकत मोहे तारे



शबद गायन करते हुजूरी रागी भाई भरपूर सिंह, सरबजीत सिंह एवं साथी.

**निभायी भागीदारी :** सजे दोनों दीवानों में बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबियों संग हरजीत सिंह सिक्की, अध्यक्ष गुरमित सिंह, रणप्रीत सिंह, प्रो हरमिंदरबीर सिंह, मलकियत सिंह, रंजीत सिंह हैप्पी, राजदीप सिंह, रणधीर सिंह, गुरुचरण सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.

### अरदास व हुकमनामा के साथ दीवान का समापन

दिन के ढाई बजे कथावाचन, अरदास और हुकमनामा के साथ दीवान की समाप्ति हुई . हेड ग्रंथी ज्ञानी विक्रमजीत सिंह ने अरदास कर मंगल कामना की, हुकमनामा सुनाया . महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने संचालन का कार्यभार संभाला . मौके पर गुरु का लंगर भी बरता . पंगत में बैठ कर संगत ने गुरु का लंगर छका . इसके बाद पुन : गुरुद्वारा साहिब में शाम सात से सवा नौ बजे तक दीवान सजाया गया . सजे दीवान के दौरान प्रो हरमींदरबीर सिंह ने कथावाचन कर श्रीगुरु अर्जन देव जी की महिमा का बखान किया .

### गुरुनानक स्कूल में मनेगा शहीदी गुरु पर्व

गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड में सोमवार श्रीगुरु अर्जन देव का शहीदी गुरु पर्व मनाया जायेगा . नौ बजे समूह संगत की ओर से किये गये श्रीसहज पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा, जो ढाई बजे तक चलेगा . इसमें रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी पटना साहिब वाले शिरकत करेंगे . प्रो हरमिंदरबीर सिंह ने बताया कि गुरु पर्व में बांटे जाने वाले लंगर को लेकर सब्जी काटने की सेवा रविवार को सिख सेवक जत्था और स्त्री सत्संग सभा की ओर से दिन के दो बजे से की गयी .

न्यूज अपडेट ▼

## सुखमनी साहिब के पाठ का समापन आज



सुखमनी साहिब का सस्वर पाठ करते श्रद्धालु.

**रांची।** गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को 39वें दिन भी सुखमनी साहिब का सस्वर पाठ किया गया. स्त्री सत्संग सभा संग बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सस्वर पाठ कर श्रद्धा अर्पित की. पाठ समापन के बाद सभा की शीतल मुंजाल, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा और गीता कटारिया ने शबद गायन कर सब को निहाल किया. नरेश पपनेजा ने बताया कि सोमवार को पाठ संपन्न हो जायेगा. अब 15 जून को शहीदी गुरु पर्व पर तीन दीवान सजाये जायेंगे. शनिवार को प्रातः और रात्रि दीवान सजेगा. 16 जून को दिन के दस बजे से दीवान सजेगा.

## 18 गांव के 156 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार



दृढ़ीकरण संस्कार समारोह में मुख्य अनुष्ठानकर्ता बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास.

**रांची ।** डालटनगंज के दुरुप पंचायत में प्रभु प्रकाश पल्ली में 156 बच्चों ने दृढ़ीकरण और 90 बच्चों ने परम प्रसाद संस्कार ग्रहण किया. इसमें 18 गांवों के बच्चे शामिल हुए. मिस्सा बलिदान का मुख्य अनुष्ठानकर्ता बिशप थियोडोर मस्कारेन्हास थे. बच्चों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कार हमें जीवन को आसान बनाता है. इससे कलिसिया सेवा करने में मदद मिलती है. परमेश्वर से प्राप्त सभी वरदानों को याद दिलाता है. मौके पर पल्ली पुरोहित फादर मुक्त लाल, सहायक पल्ली पुरोहित फादर राजेंद्र, फादर अनिल, फादर एंथोनी फर्नांडीस, फादर अमरदीप, ब्रदर जेम्स, ब्रदर सुमन, समेत हजारो लोग शामिल थे.

## गोशाला का भ्रमण करने पहुंचे स्वामी गोकुलानंद

**रांची ।** योगदा सत्संग के संन्यासी स्वामी गोकुलानंद रविवार को गोशाला भ्रमण को आये. गो माता का पूजन कर आरती उतारी. उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जहां प्रेम वहीं, वहां सेवा भाव स्वतः जागृत हो जाता है. मौके पर अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने पुष्पगुच्छ, ट्रस्टी राजकुमार केडिया ने अंगवस्त्र और शत्रुघ्न गुप्ता ने प्रतीक चिह्न देकर स्वामी जी का अभिनंदन किया. मंच संचालन मंत्री प्रदीप राजगढ़िया ने किया. किशोरी लाल चौधरी, राजकुमार केडिया, ओम प्रकाश छापड़िया, उपाध्यक्ष एसएन राजगढ़िया, राजेंद्र बंसल, सुरेश जैन, प्रेम मित्तल, मनीष लोधा, गजानंद अग्रवाल, अमर पोद्दार, मुरारी लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश लाल मौके पर मौजूद थे.



रांची गोशाला में स्वामी गोकुलानंद.

## कैथोलिक महिला संघ की 16 वीं आम सभा का आयोजन



कैथोलिक महिला संघ की आम सभा में धर्माध्यक्ष विन्सेंट आइंद.

**रांची ।** हुलहुंडू पल्ली में आज रविवार को उलीहातू विकारियट कैथोलिक महिला संघ की 16 वीं आमसभा का आयोजन किया गया. सेमिनार का विषय था 'कलीसिया में माताएं बीते दिनों की शक्ति, आज की योद्धा और कल की आशा'. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्माध्यक्ष विन्सेंट आइंद थे. इस अवसर पर चर्च परिसर में मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया. मुख्य अतिथि ने कहा कि महिलाओं में असीमित क्षमता है. इसी कारण वे अपने परिवार, समाज और कलीसिया सेवा करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं. वे पारिवारिक जीवन में प्रेम, क्षमा और शांति के गुणों को प्राथमिकता देती है. ख्य वक्ता के रूप में सिस्टर रोशनी लकड़ा ने महिलाओ को संबोधित करते हुए कहा कि आप विश्वास में मजबूत बनें.

## प्रणामी संस्था ने चलाया 153 वां वृहद भंडारा



भंडारा में प्रसाद वितरण करते स्वयंसेवक एवं ग्रहण करते श्रद्धालु.

**रांची ।** श्रीकृष्ण प्रणामी संस्थान के पुंदाग स्थित निर्माणाधीन आश्रम में रविवार को 153वां भंडारा चलाया गया. बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद रूप में स्वादिष्ट व्यंजन ग्रहण किया. रमेश, सीमा चितलांगिया ने पुत्री भीलवाड़ा निवासी अंकिता चितलांगिया, कृतिका चितलांगिया संग मंदिर में विराजमान देवी-देवताओं को भोग निवेदित किया. भंडारे में पुड़ी, कचौड़ी, आलू चना टमाटर मिश्रित सब्जी, वेजिटेबल पुलाव, केसरिया खीर, जलेबी, जलजीरा जूस, फ्रूटी और आलू चिप्स शामिल था. अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,किरण बियानी, सुनिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल आदि ने इसमें मुख्य योगदान दिया.

## ड्यूराविट-कॉनवुड का शोरूम अब रांची में

**रांची ।** ड्यूराविट-कॉनवुड सैनिटरी वेयर का शोरूम रांची के कमड़े में खोला गया है. यहां बाथरूम फिटिंग, फ्यूसेट, सीमेंट बेस्ड डेकोरेटिव पैनल के कई वैरायटी उपलब्ध हैं. बता दें कि बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बाद झारखंड में पहला शोरूम शुरू हुआ है. शोरूम में इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर और आर्किटेक्ट की मीटिंग हुई. यूनाइटेड एशिया इंटरप्राइजेज के निदेशक रोहित प्रसाद ने बताया कि एक्सक्लूसिव शोरूम में एक्सक्लूसिव सैनिटरी फिटिंग के कई वैरायटी उपलब्ध हैं.

### आदिवासी संगठनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, याद की कुर्बानी

# शहादत दिवस पर याद किये गये बिरसा मुंडा

**खास बातें**

- कोकर समाधि स्थल पर अर्पित की गयी श्रद्धांजलि
- श्रद्धा के फूलों के साथ याद की गयी बिरसा की कुर्बानी

संवाददाता ।रांची

राजधानी में भगवान बिरसा मुंडा का 124 वां शहादत दिवस रविवार को श्रद्धा भाव से मनाया गया. कोकर समाधि स्थल पर धरती आबा को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई .इसमें बड़ी संख्या में आदिवासी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक अगुवाओं ने हिस्सा लिया. स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये गये. नमन कर लोगों ने उनकी कुर्बानी को याद किया..



कोकर समाधि स्थल पर बिरसा को पुष्प अर्पित करते गणमान्य.

**कांके रोड सरना समिति :** कांके रोड सरना समिति के लोगो ने शहीद दिवस मनाया. चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया. अध्यक्ष डब्लू मुण्डा ने कहा कि धरती आबा 25 साल की उम्र में आदिवासियो के अत्याचार .जमीनलूट के खिलाफ अंग्रेजो से लड़ाई लड़ा थी. जमीन सुरक्षा कानून सीएनटी एसपीटी एक्ट बनाया. उनकी इस कुर्बानी को हम आदिवासी व्यर्थ नहीं जाने देंगे. मौके पर रंजीत पहान, उपाध्यक्ष सतीश खलखो, उपसचिव लखन मुण्डा, उपकोषाध्यक्ष विकास तिर्की, कार्यकारी सदस्य दीपू मुण्डा, प्रकाश टोप्पो, सुनील मुण्डा, राजेश लोहरा, अजय मुण्डा, सोमरा गाड़ी समेत अन्य शामिल थे.

**केंद्रीय सरना समिति चडरी :** केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में चडरी अखरा में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनायी गयी. बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया. दो मिनट का मौन रखा गया. भगवान बिरसा मुंडा को याद किया. इस मौके पर बबलू मुंडा ने कहा कि आजाद भारत के 75 वर्ष हो रहा है. आदिवासी वीर शहीदो के योगदान को कभी नही भूल सकता है. आदिवासी समाज पर चौतरफा हमला हो रहा है. आदिवासियों की धर्म, संस्कृति, रीति, रिवाज परंपरा एवं रूढ़िवादी व्यवस्था को खत्म करने का प्रयास हो रहा है. मौके पर चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, मुख्य सलाहकार कुमोद कुमार वर्मा, राजेश मुंडा, सागर भगत, सबलू मुंडा, बादल लिंडा, मंगल मुंडा, जगेश्वर समेत अन्य शामिल थे.

### सरना भवन नगड़ा टोली परिसर में दी श्रद्धांजलि

सरना भवन नगडा टोली परिसर में सूर्य क्रांति बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर याद किये गये . उन्हें श्रद्धाजलि दी गई . विधिवत पुष्प अर्पित कर नमन किया गया . अध्यक्ष निरंजना हेरेज ने बिरसा मुंडा के विचारों को रखा . उन्होंने कहा कि धरती आबा ने जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ी .अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए . आज झारखंड में जमीन की लूट मची हुई है, आदिवासियों की धार्मिक जमीन की लूट हो रही हैं . भू माफिया गोली बारूद के बल पर जमीन हड़प रहे हैं . मौके पर सुकरा मुंडा, मुन्नी पाहन, माला कुजूर, मुन्ना टोप्पो, किसन भुटकुवर, सन्नी विकास पाहन, आनंद तंम्बा, झारिया उरांव, मुन्नी कच्छप मानो टोप्पो प्रकाश कच्छप समेत अन्य शामिल थे .

### जनजाति सुरक्षा मंच

नगड़ी प्रखंड के दलादली में जनजाति सुरक्षा मंच ने भगवान बिरसा को याद किया . मुख्य अतिथि कल्याण आश्रम के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री देवनंदन सिंह शामिल हुए . उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ी . अंग्रेज, धर्मांतरण, साहूकार, जमींदारी के खिलाफ आवाज उठायी थी . अस्तित्व, अस्मिता और पहचान को बचाए रखा . हमें भी अपनी पहचान को बचाए रखने की जरूरत है, पहान शिवनाथ मुंडा की अगुवाई में विधिवत तरीके से पूजा पाठ किया . मौके पर प्रदेश प्रभारी सोमा उरांव ,साजन मुंडा, प्रदेश सहसंयोजक हिंदवा उरांव , संयोजक सन्नी उराव ,विनोद मुन्डा, विकास उरांव, बन्धना मुंडा, सजंय मुन्डा, संध्या मुंडा, सुमन देवी समेत अन्य शामिल थे .


### केंद्रीय सरना समिति

भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल कोकर में रविवार को धरती आबा के शहादत दिवस को याद किया गया . अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि बिरसा मुंडा अबुआ देश अबूआ राज का सपना देखा था .आज उनका सपना अधूरा है। .भगवान बिरसा के आंदोलन से सीएनटी एक्ट बना . परंतु आज आदिवासियों की जमीन छिनी जा रही है . गैरकानूनी ढंग से आदिवासियो की जमीन पर फर्जी कागजात से लूटी जा रही है .बना करके लूटी जा रही है . बिरसा मुंडा का सपना आज भी अधूरा है। मौके पर लालगंज मुखिया अनिल लिंडा, अशोक लोहरा, अक्षय भोगता, परमेश्वर सिंह मुंडा, सिकंदर मुंडा समेत अन्य शामिल थे .

### आदिवासी जन परिषद

आदिवासी जनपरिषद के तत्वाधान में रविवार को कोकर के समाधि स्थल में विधिवत तरीक से पूजा पाठ किया .उनके शहादत दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया . मौके पर प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि बिरसा मुंडा का शहादत तभी पूरा होगा . जब उनके नीति सिद्धांतों को झारखंड में लागू करना होगा . राज्य में एक और उलगुलान की आवश्यकता है . इसलिए समाज को संगठित होने की जरूरत है . जल,जंगल और जमीन की सुरक्षा करने की जरूरत है .जमीन पर अधिकार के लिए संघर्ष की आवश्यकता है . झारखंड में 23 वर्ष हो रहा है . इसके बावजूद भी राज्य के आदिवासियों का विकास नहीं हुआ है . सरकार को योजनाबद्ध तरीके से काम करने की आवश्यकता है . अन्यथा बिरसा मुंडा की शहादत धरी की धरी रह जाएगी .

## एक्वा वर्ल्ड में सुपर हीरो संडे स्पाइडर मैन ने किया कैटवॉक



सुपर हीरो संडे कार्यक्रम में भाग ले रहे बच्चे.

संवाददाता ।रांची

एक्वा वर्ल्ड, मछली घर में रविवार को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत सुपर हीरो संडे आयोजित किया गया, जिसमें पूरी शाम बच्चों के नाम रही. बच्चों ने भी जमकर आनंद उठाया. बच्चों के लिए एक सुपर हीरो थीम पर सेल्फी कॉर्नर बनाया गया था, जहां सुपर हीरोज के साथ बच्चों ने सेल्फी ली. इसके अतिरिक्त बच्चों के लिए सुपरहीरो की थीम में फैंसी ड्रेस कंपटीशन भी हुआ. सुपर हीरो फिल्मों और सीरियल के गानों की थीम पर आधारित क्वीज टाइम का भी आयोजन हुआ. बच्चों को थीम सॉन्ग सुना कर उससे संबंधित प्रश्न पूछे गए. सभी सही जवाब देने वालों को पुरस्कृत किया गया. बच्चों को दीपांजलि डांस ग्रुप के निदेशक विपुल नायक ने पुरस्कृत किया. जबकि इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड समूह की चेयर पर्सन डॉक्टर विद्या झा, निदेशक गण सुमित रूंगटा, संतोष कुमार, धीरज कुमार, आनंद आदि उपस्थित थे. अगले रविवार 16 जून को समर हॉलीडे श्रृंखला के अंतर्गत फादर्स डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन शाम 6 बजे से किया जाएगा.


**खास बातें**

- एक्वा वर्ल्ड में सुपर हीरो के साथ बच्चों ने ली सेल्फी
- सुपर हीरो की थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**विजेताओं की सूची**

- फैंसी ड्रेस - 1st - गुनित, 2nd - प्रिडा ,3rd - अनोखी और रव्या.
- सुपर हीरो क्विज–सानवी, अक्षाणी, सुची, प्रज्ञा, गुनीत, प्रतीक, लक्षित, श्रेष, साक्षी प्रिया, शियाया, आद्विका

## एसआर डीएवी पुंदाग के निश्चल हुए सफल



**रांची।** एस. आर. डीएवी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग के निश्चल कुमार सिंह ने जेईई. एडवांस्ड परीक्षा में सफल होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है. उन्होंने 177 अंक प्राप्त कर 5318 रैंक हासिल किया है. बता दें कि निश्चल इसी वर्ष सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं कक्षा की परीक्षा में 97.4% अंकों के साथ उत्तीर्ण किया था. उन्होंने स्कूल टॉपर होने कर गौरव भी प्राप्त किया था. प्राचार्य एस के मिश्र ने निश्चल कुमार सिंह को इसकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि यह उसके अथक परिश्रम का परिणाम है.

### ऐ मेरे वतन फिल्म का प्रदर्शन

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई. मौके पर दिल्ली से मुख्य अतिथि प्रख्यात लोहियावादी सरघु ठाकुर ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर ए वतन मेरे वतन फिल्म का प्रदर्शन किया गया. प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि मुख्य अतिथि के कार्यशैली को अपनाने की जरूरत है. मौके पर आबिद अली, मनोज पांडेय, राजेश यादव, मदन यादव, रामकुमार यादव, राजेश रौशन, शामिल थे.

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने 170 बच्चों को दिया प्रतिभा सम्मान



प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रास सांसद डॉ. महुआ माजी, प्रतिभागी बच्चे और संस्था के प्रतिनिधि.

संवाददाता ।रांची

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने की. समारोह का उद्घाटन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने श्री गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया. सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. महुआ माजी ने विभिन्न परीक्षाओं में सफलता पाने वाले सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता प्राप्ति के लिए अपने लक्ष्य पर सतत ध्यान देना अनुशासन परिश्रम एवं विनम्रता एक छात्र का मूल मंत्र है. गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने कहा कि मारवाड़ी समाज सदैव आगे बढ़कर हमेशा सशक्त और सकारात्मक भूमिका निभाई है. प्रतिभा सम्मान समारोह में सीबीएसई व आईसीएसई- 2024 की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मारवाड़ी समाज के 170 छात्र-छात्राओं को प्रतिभा प्रोत्साहन सम्मान से सम्मानित किया गया तथा प्रोफेशनल डिग्री पाने वालों में यूपीएससी में हर्षिता चामरिया, जेएसएससी में आयुषी सर्राफ, एमबीबीएस संस्कार वोडा एवं रितिका मारू, एमबीए यश गोकुलका एवं मुस्कान चितलांगिया,सीए हर्ष अग्रवाल, बीटेक हर्षित मावाडिंया, किट्स नाइसा पटवारी, आईआईएम अनंत अग्रवाल तथा यशु अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल के अलावे कराटे के गोल्ड मेडलिस्ट सखी बागड़ को सम्मानित किया गया. सभी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, प्रशस्ति- पत्र, पुस्तक एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया. अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा चलाए जा रहे हैं जनसेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विकास अग्रवाल एवं विशाल पाड़िया ने की. धन्यवाद-ज्ञापन मारवाड़ी सम्मेलन के जिला महामंत्री विनोद कुमार जैन ने किया.

### वुमेंस प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेके इंटरनेशनल स्कूल में खेला गया

# आरडीसीए (रेड) ने जीता प्रतियोगिता का खिताब

संवाददाता ।रांची

रांची जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित आरडीसीए वुमेंस प्रीमियर क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब आरडीसीए (रेड) ने अपने नाम किया. रविवार को प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जेके इंटरनेशनल स्कूल में खेला गया. फाइनल में आरडीसीए रेड और आरडीसीए येलो के बीच मुकाबला खेला गया.

आरडीसीए येलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 4 विकेट खोकर 221 रन बनाए. टीम की ओर से मेघा ने शानदार 146 रनों की पारी खेली. वहीं रिधिमा ने 45 रनों का योगदान दिया. आरडीसीए रेड की ओर से सानिया और ईशा ने 1-1 विकेट लिए. दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरडीसीए रेड टीम ने 24.1 ओवर में 3 विकेट खोकर 222 रन बनाकर चैंपियन बनी. विजेता टीम की ओर से वैभवी ने 89, अमीषा ने नाबाद 86 और ईशा ने 23 रनों की पारी खेली. आरडीसीए येलो की ओर से पल्लवी, आकांक्षा और खुशी ने 1-1 विकेट झटके.



मैच जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी.

**इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार**

प्रतियोगिता का आयोजन रांची में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था . संघ के द्वारा कुल चार टीमों का गठन किया गया था . प्रतियोगिता राउंड रॉबिन लीग के आधार पर खेली गयी . प्रतियोगिता में बेस्ट बैटर का पुरस्कार कुमारी मेघा को दिया गया . बेस्ट बॉलर का पुरस्कार रागिनी कुमारी, बेस्ट राइजिंग खिलाड़ी का पुरस्कार वैभवी सिंह को दिया गया . फाइनल मुकाबले में वूमेन ऑफ मैच का भी पुरस्कार वैभवी सिंह को दिया गया . विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार रांची जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजू शर्मा, उपाध्यक्ष विभूति भूषण अमर, सचिव शैलेन्द्र कुमार और कोषाध्यक्ष सौमित पटनायक के संयुक्त रूप से दिया . इस प्रतियोगिता के प्रायोजक विनय कर्ण, संजय दुबे, नंदजी पांडे और अजय कुकरैती थे . पुरस्कार वितरण समारोह में संघ कार्यकारी सदस्य चंचल भट्टाचार्य, रमेश सिंह, सहायक सचिव सुनील पाल, शंभू सिन्हा, माणिक घोष, नंदजी पांडेय, अंजना दुबे, जय कुमार सिन्हा, पूर्व रणजी खिलाड़ी सुभाष चटर्जी, शबीर हुसैन, एसके पांडेय, सीमा सिंह, फराह मौजूद थे .

# शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता । रांची

राजधानी के तीन विद्यालयों क्रमशः डीएवी हेहल, डीएवी गांधीनगर एवं डीएवी कपिलदेव में डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस नई दिल्ली व सीबीएसई सीओई पटना प्रक्षेत्र के तत्वावधान में तीन-दिवसीय अन्तर्विद्यालयी शिक्षक क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन हुआ. डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन- 'बी' एवं 'जे' के हिंदी, संस्कृत, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान,अंग्रेजी, गणित, चित्रकला, संगीत, कम्प्यूटर एवं वाणिज्य विषय के तकरीबन 600 शिक्षकों का क्षमता संवर्धन किया गया.

डीएवी कपिलदेव में आयोजित कार्यशाला में एम.के. सिन्हा, प्राचार्य सह-सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी सह ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर ने कहा कि डीएवी गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी कक्षा शिक्षण के लिए सदा प्रतिबद्ध है. रीजनल ट्रेनिंग सेंटर डीएवी झारखण्ड ज़ोन- 'बी' एवं 'जे' के क्लस्टर हेड एसके मिश्रा ने कहा कि अध्यापक बच्चों के पुस्तकीय ज्ञान को बाहरी ज्ञान से जोड़ कर उन्हें अध्ययन करवाएं. डीएवी पब्लिक स्कूल,गांधीनगर के प्राचार्य एसके सिन्हा ने कहा कि 'श्रद्धावान् लभते ज्ञानम्' अर्थात जिनमें श्रद्धा होती है,वे ही ज्ञान को प्राप्त करते हैं. शिक्षण और ज्ञानार्जन जीवनपर्यंत एक सतत प्रक्रिया है. ज्ञान वितरित करने से उसमें वृद्धि होती है. इस अवसर पर विभिन्न डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य-किरण यादव,संजीत कुमार मिश्रा,डॉ तपन घोष, विवेकानंद घोष, मनोजेश्वर कुमार, बुबुन शरण, रोशी बाधवानी, आर के सिंह आदि उपस्थित थे.



शिक्षक क्षमता संवर्धन' कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि.

## ब्रीफ खबरें

### तमाड़ में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**तमाड़।** थाना क्षेत्र की रगड़ाबाड़ाग पंचायत के जेगोड़काई गांव स्थित खेत में एक युवक का रविवार की सुबह पेड़ पर लटका शव मिला. मृतक 25 वर्षीय संदीप सेठ जेगोड़काई गांव का निवासी था. वहीं परिजनों ने बताया कि संदीप की हत्या की गई है. रात में एक अज्ञात व्यक्ति संदीप को अपने साथ ले गया था सुबह ग्रामीणों ने उसका शव देखा. सूचना मिलने पर पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

### पड़हा जतरा में मांदर की थाप पर थिरके लोग

**इटकी।** प्रखंड के बांधटोली में रविवार को वार्षिक पड़हा जतरा में विभिन्न गांवों से पहुंचे लोग मांदर की थाप पर जमकर थिरके. इसके पूर्व पड़हा से संबंधित आदिवासी समाज के लोग रंपा, चंपा, हाथी घोड़ा, झंडा, नगाड़ा और मांदर सहित अन्य पारंपरिक प्रतीकों के साथ बांधटोली स्थित सरना स्थल में एकत्र हुए. इसके बाद शाम पांच बजे जुलूस निकाला गया जिसका नेतृत्व जिला परिषद सदस्य जगराम उरांव काठ के घोड़े पर सवार होकर कर रहे थे. जुलूस में शामिल महिला-पुरुष युवक युवतियां मांदर की थाप पर नाचते-गाते हुए आगे बढ़ रहे थे. जुलूस कई स्थलों का परिभ्रमण कर जतरा मेला में परिणत हो गया. जतरा समारोह को जिला परिषद सदस्य जगराम उरांव, प्रदीप केरकेट्टा, सुखराम उरांव उमेश उरांव, कुलदीप उरांव आदि वक्ताओं ने संबोधित किया.

### 450 ग्राम अफीम के साथ दो गिरफ्तार

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के पतरा जंगल के पास रविवार को पुलिस ने छापेमारी कर 450 ग्राम अफीम के साथ बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पकड़े गए दोनों आरोपी झटगांव निवासी महेश स्वांसी और कुंदला निवासी बुधन सिंह मुंडा शामिल हैं. इससे पहले पुलिस ने एसएसपी के निर्देश पर जांच अभियान चलाया. पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने लगे जिन्हें जवानों ने खदेड़कर पकड़ लिया. जब्त अफीम फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गई है. छापेमारी में एसएसबी के कमांडेंट अजित कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी अमित कुमार, अनि शंभू पंडित, सअनि श्रीराम सांगा और एसएसबी के जवान शामिल थे.

### भोक्ताओं ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर दिया आशीर्वाद

**पिस्कानगड़ी।** लोक आस्था का पर्व मंडा पूजा नगड़ी में रविवार को धूमधाम से मनाया गया. इस दौरान भोक्ता झूलन कार्यक्रम किए गए, जहां भोक्ताओं ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया. इससे पूर्व शनिवार की रात फूलखुंदी की रस्म निभाई गई. फूलखुंदी में 350 भोक्ताओ ने आग पर चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया. फूलखुंदी के बाद छऊ नृत्य का कार्यक्रम रात भर चला. इस दौरान झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी साहू, छात्र नेता शशांक राज, कुशवाहा विजय मेहता बतौर अतिथि मौजूद थे. मौके पर नगड़ी सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे. मंडा पूजा के सफल आयोजन में बलकरण महतो, दौलतराम केशरी, केदार महतो, रामबरन महतो, चूड़ामणि महतो, मनीष केशरी, प्रभातमहतो, जलधर महतो, अरविंद केशरी सहित मंडा पूजा समिति के अन्य पदाधिकारियों की सराहनीय भूमिका रही.

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने ठाकुरगांव में जश्न मनाया

**ठाकुरगांव ।** केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया. पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार को ठाकुरगांव, बरौंदी रौं , उरुगुट्टू , बजरंग चौक भांटबोड़ैया, सुरीद, कोराबार, बेड़वारी, नाउज और बंसरी आदि गांवों में जमकर आतिशबाजी की. वहीं एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया. मौके पर मंडल अध्यक्ष लाल उत्पल शाहदेव ने कहा कि राष्ट्र का विकास एनडीए सरकार ही कर सकती है. मौके पर बिंटू शाहदेव, कमल आदि शामिल थे.

**मिसाल :** 702 अंक लाकर सफलता की ऊंचाइयों को छुआ, एक साल की थी, तभी सिर से पिता का साया उठ गया था

# मां की हिम्मत व खुद की मेहनत से हजारीबाग की हेमा ने नीट में किया कमाल

आकर्ष अनिकेत । रांची

नीट 2024 में हजारीबाग की हेमा मेहता ने 720 में 702 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की. खुद की मेहनत के साथ-साथ मां वीणा मेहता की हिम्मत से हेमा ने सफलता की इस ऊंचाई को छुआ. हेमा जब एक साल की दुधमुंही बच्ची थी, तभी उसके सिर से पिता का साया उठ गया.

मां के कंधों पर दो बच्चियों की परवरिश की जिम्मेवारी आ गयी. लेकिन वीणा भी ज्यादा पढ़ी-लिखी नहीं थीं. लेकिन बच्चियों के लालन-पालन के लिए कुछ तो करना ही था. पति के निधन के बाद उन्होंने हिम्मत नहीं हारीं. खुद पढ़ाई करने के साथ दोनों बेटियों को पढ़ाने की ठानी.




ससुरालवालों से बहुत सपोर्ट नहीं मिला, लेकिन पिता बिरजू प्रसाद ने साथ दिया. पिता खुद भी शिक्षक थे. उन्होंने वीणा का हौसला बढ़ाया. दोनों बेटियों को अच्छी शिक्षा मिले, इसलिए वीणा ने भी मेहनत कर पिता की देखरेख में पढ़ाई शुरू की. उसे समाज और ससुरालवालों से ताने भी सुनने पड़े, लेकिन वे हिम्मत नहीं हारीं. वीणा ने पहले मैट्रिक की परीक्षा पास की, फिर इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई की. फिर आंगनबाड़ी सेविका के रूप में काम कर दोनों बेटियों हेमा और अनुराधा को पढ़ा लिखा कर डॉक्टर बनाया.

### लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें, तो सफलता कदम चूमती है

हेमा बताती हैं कि उसकी इस सफलता में गोल इंस्टीट्यूट में मिला पारिवारिक माहौल का बड़ा योगदान है. कहती है कि लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें, तो सफलता कदम चूमती है. वैसे गोल इंस्टीट्यूट के शिक्षकों के साथ ही साथ वे अपनी इस सफलता का श्रेय मां वीणा मेहता और नाना बिरजू प्रसाद को भी देती हैं, जिनके संघर्ष की वजह से वह सफल हो सकीं.

### पांचवीं में थी, तो स्कॉलरशिप मिली, देहरादून से 12वीं की परीक्षा पास की

हेमा बताती हैं कि मां वीणा के सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने भी खूब मेहनत की. जब पांचवीं क्लास में थीं, तो स्कॉलरशिप मिली और वे पढ़ाई के लिए देहरादून चलीं गईं. देहरादून से ही 12वीं की परीक्षा 94 प्रतिशत अंक से पास कर मेडिकल की तैयारी में पूरी तरह जुट गईं. बताती हैं कि दीदी अनुराधा मेहता ने 2022 में ही नीट क्वालीफाई कर लिया था. दीदी को रिम्स में दाखिला मिल गया था. इससे उसका भी उत्साह बढ़ा. हेमा बताती हैं कि उसने भी तय किया कि चाहे कुछ भी हो जाए, सरकारी मेडिकल कॉलेज में ही एडमिशन लेना है. इसी सोच के साथ तैयारी की और परिणाम सामने है.

### दोनों बेटियों ने दिखाया जज्बा

वीणा मेहता बताती हैं कि यदि कोई लक्ष्य तय कर से हासिल करने की ठान ले, तो सफलता कदम चूमती है. समाज का ताना सुना, पर वे मेहनत करती रहीं. दोनों बेटियों को डॉक्टर बनाने का लक्ष्य तय किया. लेकिन इसके लिए खुद पर पढ़ा-लिखा होना जरूरी था. सो उन्होंने भी पढ़ाई शुरू की. खुद पढ़ीं और बेटियों को भी पढ़ाया. कहती हैं बेटियों को नाना और ननिहाल से भी पूरा समर्थन मिला. उन्होंने दोनों बेटियों को बचपन में ही बताया दिया था कि वे दोनों को डॉक्टर बनाना चाहती हैं. दोनों बेटियों ने भी मां की इच्छा के अनुरूप लक्ष्य तय करने के लिए नीट क्लाविफाई करने की ठानी और उसके अनुसार ही तैयारी में जुट गईं. हेमा व अनुराधा को पढ़ाई के सिलसिले में कहीं आना-जाना होता था, तो नाना और मामा का साथ मिलता था.

ग्रामीण अंचलों धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस मनाया गया

# बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाने का लोगों ने लिया संकल्प

संवाददाता । राहे

आजसू पार्टी के प्रभारी संजय सिद्धार्थ के नेतृत्व में धरती आबा बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि के अवसर पर राहे प्रखंड में कमेटी ने पुण्यतिथि मनायी गयी. कमेटी के सदस्यों ने इडिसेरेंग, नुरू कोम्बो और कोन्ताटोली गांव में स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर् माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये. इस दौरान सभी ने बिरसा के सोच को स्थापित करने का संकल्प लिये.मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, लोवाहातू मुखिया रम्भावती देवी, चरण मुंडा, डोमन मंडल, संजय मुंडा, बुधराम मुंडा संतोष दास, छोटन मुंडा, पंकज प्रमाणिक, संतोष महतो, प्रफुल्ल उरांव, मुकेश मुंडा, बुधेस्वर मुंडा (बालू मुंडा), त्रिभुवन साव, सुरेश लोहरा, संजय मुंडा आदि मौजूद थे.

**किसान सभा ने मनाया उलगुलान दिवस :** झारखंड राज्य किसान सभा के तत्वावधान में शहीद बिरसा मुंडा उलगुलान दिवस राहे, नुरू, इरिसेरेंग , कंताटोला गांव में शहीद बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर मनाया गया. शहीद बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. माकपा राज्य कमेटी सदस्य रंगोवती देवी, जिला कमेटी सदस्य जयपाल सिंह मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, जिला कॉउंसिल सदस्य सनातन मुंडा,लोकल कमेटी सदस्य श्रवन मुंडा, शंकर मुंडा, पांडू मुंडा, पंचानन मुंडा,मुखिया संतोष मुंडा, दामोदर प्रजापति, मदन मुंडा, महावीर प्रजापति, पोली गोंझू,राजू मुंडा सोमवारी देवी, मंजुड़ा देवी, चुमानी देवी, शशिवाला देवी, नरोत्तम अहिर आदि मौजूद थे.



राहे में िबरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देते लोग.

### झामुमो कार्यकर्ताओं ने दी धरतीआबा को श्रद्धांजलि

**रातू।** धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर रातू प्रखंड के झखराटाड स्थित बिरसा चौक पर स्थापित वीर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर रविवार को रातू प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर श्रद्धांजलि अर्पित की.लोगों को संबोधित करते हुए विभिन्न वाक्य ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलकर भी झारखंड का कल्याण हो सकता है. श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से झारखण्ड आंदोलनकारी सह झामुमो के वरिष्ठ नेता महावीर विश्वकर्मा, शमीम मंसूरी, प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, दिनेश तिग्गा, अलविन लकड़ा, धर्मेंद्र सिंह, असलम अंसारी, राजकुमार, आदि लोग शामिल थे.



रातू में बिरसा मुंडा को झामुमो दी श्रद्धांजिल.

### पिस्का नगड़ी में शहादत दिवस मनाया गया

**पिस्कानगड़ी।** बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर नगड़ी के नारो बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. इस दौरान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नारो बाजार में शहादत मेला लगाया गया. मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजयनाथ शाहदेव, झामुमो नेता नंदकिशोर मेहता और कुशवाहा विजय मेहता ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहादत दिवस समारोह की शुरुआत की. मुख्य अतिथि अजयनाथ शाहदेव ने कहा भगवान बिरसा मुंडा की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता. समारोह में प्रभात तिर्की, बांदे उरांव, बलकरण महतो, बंधना महतो, उपेन्द्र मेहता और छोटू अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

### आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने मनाई पुण्यतिथि

उलगुलान के महानायक बिरसा मुंडा के 125वीं शहादत दिवस को आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने इंडिसेरेंग, राहे में उलगुलान दिवस के रूप मनाया. बिरसा के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई. आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेता संतोष मुण्डा ने कहा की अबुआ दिशुम अबुआ राज कायम करने का संकल्प लें और संघर्ष तेज करना है. कार्यक्रम में मुख्य रूप से माले नेता दामोदर प्रजापति, डोमन मुंडा, घासीराम मुंडा, कार्तिक मुंडा, विष्णुचरण मुंडा, राजकुमार हरिजन आदि मौजूद थे.

### पिपरवार में याद किए गए धरती आबा

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र स्थित बहेरा पंचायत के कारो गांव में रविवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि समारोह आयोजित कर मनाई गई. समारोह की अध्यक्षता बहेरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा और संचालन समाजसेवी बालेश्वर उरांव ने किया . कार्यक्रम के प्रारंभ में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेम सुंदर लकड़ा, अनूप उरांव, भोला उरांव, सत्येंद्र उरांव, सिलबानुस किसपोट्टा, साधु चरण भगत, पास्कल उरांव, प्रियंका देवी चिंता देवी, चिंता देवी,बीमा , सोनी देवी,रामपति देवी, गुदवा देवी , आशा देवी,प्रमिला देवी, बालदेव लकड़ा ,रामेश्वर उरांव कालेश्वर उरांव ,निरासो देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष मौजूद थे.

## साबिर हुसैन एपीजे अब्दुल कलाम अचीवर अवार्ड से हुए सम्मानित



संवाददाता । रांची

चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में रविवार को एपीजे अब्दुल कलाम अचीवर अवार्ड का आयोजन किया गया, जिसमें मो साबिर हुसैन को सम्मानित किया गया. यह पुरस्कार उन्हें कला व फैशन डिजाइनिंग क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है. यह पुरस्कार उनके समर्पण और उच्च स्तरीय प्रदर्शन का प्रमाण है. इस अवसर पर, साबिर हुसैन ने कहा कि हम इस सम्मान को पाकर गर्वित और उत्साहित महसूस कर रहे हैं. हम भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता के लिए प्रयासरत रहेंगे. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री अशोक भगत, दुलीचंद धावक, अर्जुना अवार्डी तथा अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स किशोर मंत्री मौजूद थे. उन्हीं के हाथों पुरस्कार दिया गया. कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया. पुरस्कार पाकर मो साबिर हुसैन ने हैप्पी मोमेंट ऑफ इंडिया का धन्यवाद दिया, खासकर उनके फाउंडर पंडा का शुक्रिया अदा किया.

## पेड़ से टकराई कार, मामा-भांजे की मौत

संवाददाता । मांडर

करगे पंचायत अंतर्गत हात्मा जंगल के पास हुए सड़क हादसे में रविवार की सुबह लगभग 8:00 बजे दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल है. मृतकों में मांडर थाना के कंजिया गांव के 40 वर्षीय सलीश अंसारी और उसका सगा भांजा बुढ़मू के 28 वर्षीय मंसूर आलम शामिल है. वही एक अन्य व्यक्ति 36 वर्षीय हजरत अंसारी गंभीर रूप से घायल है. जो रातु थाना क्षेत्र के हुरहुरी गांव का निवासी है. इसका ईलाज मिशन स्थित एक निजी अस्पताल में अवस्था में चल रहा है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंसूर आलम की बहन की आज सगाई होने वाली थी. जहां मेहमान चंदवे से आज शाम में आने वाले थे. इसी की तैयारी को लेकर कुछ सामान खरीदने वह अपने मामा और एक अन्य व्यक्ति हजरत को लेकर मांडर आया था. मांडर से सामान खरीदने के बाद वे



लोग वापस बुढ़मू लौट रहे थे. इसी दौरान उक्त स्थान के निकट उनकी कार असंतुलित होकर एक पेड़ से टकरा गई. इस हादसे में कार के अगले सीट पर बैठे मंसूर की मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और मांडर पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया. जहां दो लोगों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. जबकि हजरत का इलाज गंभीर अवस्था में चल रहा है. बताया जाता है कि दोनों ही मृतक अपने-अपने परिवार के कमाई के आर्थिक स्तंभ थे. सलीश के पिता काफी बुजुर्ग हैं और वह हमेशा बीमार रहते हैं. साली सुबह शाम ऑटो चलाता था और दिन में अपने मवेशियों की देखभाल करता था. उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे भी हैं. वहीं दूसरी ओर 28 वर्षीय मंसुर अगल-बगल के गांव के दुकानों में कुरकुरे चिप्स सहित अन्य छोटे-मोटे सामानों की सप्लाई दुकान व दुकान किया करता था. घटना के बाद से ही दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.

## न्यूज अपडेट

### असम से लौटे मजदूर को जंगली भालू ने मार डाला

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के दोलैचा गांव स्थित डुमरडीहा जंगल के पास कौआ खोह के पास जंगली भालू ने हमला कर दोलैचा निवासी 55 वर्षीय बन्धु मुंडा के ऊपर हमला कर उसे नोच कर एवं काट कर बुरी तरह मार डाला. बंधु ने अपनी मौत से पहले भालु से बचने के लिए खूब चीखा और चिल्लाया. लेकिन कोई उसे बचाने नहीं आया. जंगली भालु ने बंधु मुंडा को अपने कब्जे में लेकर उसकी खोपडी.उजाड़ दी. घटनास्थल स्थल पर ही बंधु ने दम तोड़ दिया. बंधु हाल ही में असम से अपने गांव दोलैचा लौटा था. बंधु दो दिन पहले ही इसी जगह आकर दातुन तोड़ा और आम के पेड़ से आम भी तोड़ा. 2 दिन बाद आज वह इसी जगह पर पहुंचा था. संभवतः उसकी मौत यहां उसे खींच लाई थी. घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस पार्टी के युवा अध्यक्ष जन्मेजय पाठक ने फोरेस्ट आफिसर भुपेंद्र जी को फोन कर घटना की सूचना दी.



मृतक के आश्रित को चेक देते वन विभाग के अधिकारी

### इस्कॉन का अनुशीलन समर कैंप संपन्न

**रांची।** इस्कॉन का अनुशीलन समर कैंप रविवार को संपन्न हो गया. समापन समारोह में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया. बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति के साथ शाम चार बजे कार्यक्रम की शुरुआत हुई. नन्हे-मुन्नों ने कैंप में सिखाये गए कीर्तन, नाटक और नृत्य प्रस्तुत कर सब का मन मोहा. मौके पर उद्गार व्यक्त करते हुए इस्कॉन के प्रबंधक मधुसूदन मुकुंद दास ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के इस दौर में बच्चे अपनी संस्कृति भूल रहे हैं. उनके आचरण में संस्कारों की कमी आ रही है. उन्होंने बताया कि बालकों की इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से कैंप लगाया गया. जिसमें 13 दिनों तक बच्चों को खेल-खेल में मन को एकाग्र करने के लिए नाम जाप, श्लोक उच्चारण, कीर्तन, नृत्य, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मृदंगा, करताल आदि बजाने का प्रशिक्षण प्रशिक्षित शिक्षकों की देख-रेख में दिया गया. मधुसूदन मुकुंद ने कहा कि बच्चों का हृदय कोमल और शुद्ध होता है.

### डकरा में संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक संपन्न

**डकरा।** वीआईपी सभागार डकरा में संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक कृष्णा चौहान की अध्यक्षता में हुई. संचालन शैलेश कुमार ने किया. बैठक में एनके एरिया के सभी परियोजना से आये हुए यूनियन प्रतिनिधियों ने बारी बारी से अपनी क्षेत्र का समस्या को रखा. साथ ही 14 जून को एनके महाप्रबंधक कार्यालय डकरा में होने वाले प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गयी. धरना प्रदर्शन से पूर्व सभी परियोजना में गेट मीटिंग के माध्यम से मजदूरों को इसकी जानकारी देने की सहमती बनी. तो संयुक्त मोर्चा अपना आंदोलन जारी रखेगा. बैठक में मिथलेश कुमार सिंह,अमरभूषण सिंह,गोल्डन प्रसाद यादव,डी पी सिंह मामा,शैलेन्द्र कुमार सिंह , प्रमोद कुमार पाठक,हरेंद्र सिंह, अरबिंद कुमार, सहित बी एम एस, एच एम एस, एटक, सिटू से संबंधित लगभग सभी यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे.



संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक शामिल लोग

### मिशन बदलाव सामाजिक संगठन ने की बैठक

**नामकुम।** रविवार को मिशन बदलाव सामाजिक संगठन के द्वारा खिजरी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम टाटी के सरना स्थल पर शशि मुंडा की पहल पर बैठक रखा गया . बैठक कि अध्यक्षता भास्कर महतो अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा की गयी . जिसमे सरना स्थल की खाली जमीन पर पर्यावरण को ध्यान मे रखते हुए वृक्षारोपण और उसे संरक्षित करने का निर्णय लिया गया . इसके साथ ही अन्य सामाजिक मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मिथलेश महतो,सुरेन महतो,रवि महतो,विजय महतो,सतेंद्र महतो,विक्रम महतो,दीपक महतो,अरबिंद महतो, रोहित महतो, सुमित महतो,ब्रज किशोर महतो,भागीरथ महतो सुमन उराँव का महत्वपूर्ण योगदान रहा .

### तीन पिकअप वैन में लदे 45 मवेशी का उद्धार

**बेड़ो।** बेड़ो थाना की पुलिस ने गुमला लोहरदगा व रांची जिला सीमावर्ती क्षेत्र के राज विद्या केंद्र सड़क पर तीन अवैध पशु लदा पिकअप जब्त किया है.पिकअप वाहन पर लगभग 40 से 45 की संख्या में पशुओं को लाद कर ले जाया जा रहा था. बेड़ो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रांची ले जा रहे तीन पिकअप वैन में पशुओं की सूचना के बाद नरकोपी थाना के प्रभारी देवप्रताप प्रधान की मदद से तेज गति से आ रहे पशु लदा तीन पिकअप वैन को बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह और सब इंस्पेक्टर अनिल टोप्पो ने रोका तो पशु लोड तीनों पिकअप वैन पुलिस से आगे कुछ दूर जाकर पशु लदा पिकअप वैन को छोड़कर चालक समेत तीनों पिकअप वैन के खलासी भी अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गए.

**आंदोलन** सिल्ली-मुरी में मात्र कुछ घंटे की हो रही है विद्युत आपूर्ति,लोगों में आक्रोश

# अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने दिया धरना

संवाददाता । सिल्ली/मुरी

अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ सिल्ली रविवार को उपभोक्ताओं ने विद्युत सब स्टेशन रामडेरा में धरना प्रदर्शन किया . बताते चले कि सिल्ली मुरी में विद्युत की आपूर्ति नहीं के बराबर है. जिससे उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है. अघोषित बिजली कटौती से अजीज आकर धरना प्रदर्शन के लिए विवश हो गए. उपभोक्ताओं ने धरना प्रदर्शन सुबह लगभग 11 बजे शुरू किया . धरना प्रदर्शन की सूचना बिजली विभाग के एसडीओ और कनिष्ठ अभियंता को मिलते ही मौके पर पहुंचे और उपभोक्ताओं की आठ सूत्री मांगों के बारे में जानकारी प्राप्त की. आश्वासन दिया कि सभी मांगे शीघ्र ही पूरी कर दी जाएगी. मांगों के साथ बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें अधिकारियों द्वारा उचित आश्वासन दिया गया. इसके बाद धरना प्रदर्शन को खत्म किया गया. मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी मोहित कुमार सशस्त्र बलों के साथ मौके पर मौजूद थे .



धरना के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते लोग.

### ग्रामीणों ने पावर सब स्टेशन में की तालाबंदी

**बेड़ो।** भीषण गर्मी के साथ लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे बेड़ो प्रखंड मुख्यालय के ग्रामीणों ने अंकित कुमार सोनी के नेतृत्व में रविवार की सुबह विद्युत सब स्टेशन बेड़ो में तालाबंदी की. मौके पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि अनियमित विद्युत आपूर्ति की जा रही है. इसके अलावा भिषण गर्मी में आम जन बेहाल है. बिजली होने के बावजूद वोल्टेज लो के कारण कोई भी ग्रामीण का किसी भी तरह का कोई काम नहीं हो रहा है. वही खेतों में लगी फसल सिंचाई नहीं होने से मर रहे है. क्षेत्र की छोटी बड़ी कुटीर उद्योग बिजली के अनियमित बिजली आपूर्ति से बंद पड़े हैं. जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है. जिसे लेकर ग्रामीणों ने विद्युत सब स्टेशन में तालाबंदी की जिसके बाद विभाग के अधिकारियों के आश्वासन के पश्चात तालाबंदी खोल दी गई.



लाइट हाउस के लाभुकों ने की बैठक, कहा

# जल्द फ्लैट हैंडओवर करे निगम

संवाददाता । रांची

रांची के मौसीबाड़ी स्थित लाइट हाउस के लाभुकों ने रविवार को समस्याओं के समाधान को लेकर आपस में बैठक की. सुरेंद्र लाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और इसके निवारण के लिए रांची नगर निगम में पदाधिकारियों से मिलने की बात कही गयी. लाइट हाउस में कई फ्लैट का भुगतान पूरा करने के बावजूद उसे हैंडओवर नहीं किया गया है. साथ ही कई फ्लैट को स्टोर बना दिया गया.ई ब्लॉक 916 में दरार, ई 101 का भुगतान पूरा है, लेकिन उसे स्टोर रूम बना दिया गया है. डी 716 का एक साल पहले पूरा भुगतान कर दिया गया, लेकिन अब तक पोजेशन लेटर नहीं दिया गया. बिल्डिंग के अंदर और बाहर पुट्टी नहीं की गई है. इलेक्ट्रिक मीटर लगा है, लेकिन कनेक्शन नहीं है. लाभुकों ने जल्द से जल्द फ्लैट के अधूरे कार्य को पूरा कर ओनर को फ्लैट सौंपने की बात कही. इसके साथ जिन्होंने पूरा भुगतान कर दिया है, उन्हें जल्द पोजेशन लेटर, बिजली कनेक्शन , होल्डिंग नंबर देने की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है.

**बैठक में सामने आये मुद्दे:** सभी लाभुकों को जल्द से जल्द फ्लैट के अधूरे कार्य को पूरा करके फ्लैट सौंपा जाए लाभुकों को बैंक से ऋण मिलने में हो रही परेशानियों से निजात दिलाया जाए.

